राज्यपाल सचिवालय
राज भवन जयपुर

# राज्यपाल को सड़क सुरक्षा के सबंध में ग्राफिक उपन्यास की प्रति भेंट

जयपुर, 26 अप्रैल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को शुक्रवार को राजभवन में सड़क सुरक्षा जागरूकता के आलोक में तैयार 'ट्रैफिक टेल्स' ग्राफिक नोवल भेंट किया गया।

'मुस्कानः फाउंडेशन फॉर रोड सेफ्टी' द्वारा प्रकाशित इस अंग्रेजी नोवल में सड़क पर वाहन चलाने से संबंधित सावधानियां, दुर्घटना से बचाव और सड़क सुरक्षा से संबंधित सावधानियों को चितकथा—रूप में संयोजित किया गया है। राज्यपाल श्री मिश्र ने इस प्रयास की सराहना की है।

——